## सार-समाचार

### पेटिंग व निबंध प्रतियोगिताएं सम्पन्न



**छबड़ा** (निसं)। नगर पालिका के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत गुरूवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय में सुबह 8 बजे पेटिंग व निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की, जिसमें विद्यार्थियो ने उत्साह के साथ भाग लिया। वही, कॉलेज में भी साफ-सफाई कर गंदगी नही करने के लिए प्रेरित किया। ईओ संदीप गहलोत ने बताया कि अभियान के तहत विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान, स्वच्छता स्वभाव स्वच्छता संस्कार की थीम पर पेंटिंग बनाई गई तथा इसी थीम पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके उपरांत विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम मे मदनमोहन भार्गव, मोहम्मद हनीफ, विजय कुमार यादव, युसुफ खान, रवि कुमार शर्मा, देवेंद्र सिंह, रामनरेश, अशोक भार्गव वरिष्ठ अध्यापक एवं अध्यापिका मोनिका आदि उपस्थित रहे। इधर, स्ववितपोशित कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के दूसरे दिन कॉलेज परिसर की साफ-सफाई की। डॉ. बीएल बैरवा ने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में इधर-उधर फैली हुई पॉलीथिन और कचरे को एकत्रित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा और सहायक आचार्य डॉ. जितेंद्र सिंह, डॉ. आशा भार्गव और सभी स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में फैली पॉलिथीन को एकत्रित कर स्वच्छता ही सेवा का परिचय दिया। डॉ. बैरवा ने सभी स्वयंसेवकों को पॉलिथीन का उपयोग नहीं करने की सीख दी।

### लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन

**बूंदी** (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रजत गृह बूंदी में चल रही तीन दिवसीय 68 वीं जिला स्तरीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ, जिसमें 17 वर्षीय छात्र वर्ग में प्रथम आर्यन एकेडमी सेकेंडरी स्कूल केशोरायपाटन, द्वितीय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पेच की बावड़ी, तृतीय महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय आलोद व 17 वर्ष छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामचंद्र जी का खेडा, द्वितीय स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लालपुर, तृतीय स्थान पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय त्रिवेणी चौक। 19 वर्ष छात्रा वर्ग में प्रथम स्थान राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय आलोद, द्वितीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामचंद्र जी का खेड़ा, तृतीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुरा ने प्राप्त किया। 19 वर्षीय छात्र वर्ग में प्रथम स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रामचंद्र जी का खेड़ा, द्वितीय स्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जाखमुणड, तृतीय स्थान महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रजत गृह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश चतुर्वेदी रहे। जबकि अध्यक्षता संस्था प्रधान नाज़िया खानम ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ दिनेश शर्मा, नरेंद्र सिंह सोलंकी, अशोक शर्मा, रश्मि दुबे, अवनीश गोस्वामी, राजीव पावा रहे।

### किशोरी शैक्षिक मेले में चार्ट और मॉडल सजे

**छबड़ा** (निसं)। उच्च माध्यमिक विद्यालय जैपला में गुरुवार को किशोरी शैक्षिक उत्सव मेले का आयोजन किया गया। छात्राओं ने जूनियर और सीनियर वर्ग में तीनों जोन में विभिन्न चार्ट और मॉडल की प्रस्तुतियां दी गई। शिक्षक आनंद मालव के अनुसार मेले के मुख्य अतिथि सीबीईओ ओमप्रकाश गालव रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद वर्मा ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में संदर्भ व्यक्ति शंकरलाल नागर, बालकिशन शर्मा पीईईओ बापचा, सूर्यप्रकाश मीणा चिकित्सक पीएचसी जैपला, हंसराज नागर अध्यक्ष एसएमसी और एसएमसी सदस्य यूसुफ खान, पृथ्वीराज नागर, गजाला आदि ने शिरकत की। सीबी ओ गालव, डॉक्टर मीणा ने किशोरी मेले का निरीक्षण कर बालिकाओं के शैक्षिक उत्सव में किये गए कार्यों की प्रशंसा की गई। सीबीआई गालव ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बालक-बालिकाओं के ज्ञान में गुणात्मक वृद्धि होती है और नवीन अनुसंधानों से वैज्ञानिकता बढ़ती है। मंच संचालन अरूण कुमार गुप्ता उपप्रधानाचार्य द्वारा किया गया।

### फोटो फेयर में बूंदी के फोटोग्राफर भाग लेंगे

**बूंदी** (निसं)। फोटोग्राफर वेलफेयर एसोसिएशन राजस्थान जिला बूंदी की कार्यकारिणी की मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें कोटा से संगठन अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, कोटा जिलाध्यक्ष राजकमल वर्मा, वरिष्ठ सदस्य किशन मेहरा, मुकेश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किये। साथ ही मध्य भारत के इंदौर में होने वाले सबसे बड़े आयोजन में 20- 21 सितंबर को फोटो फेयर में नई तकनीक की जानकारी के लिए फोटोग्राफर साथी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे उसके बारे में चर्चा हुई और सभी ने एकमत होकर इंदौर फोटो फेयर में बूंदी के फोटोग्राफ साथी भी शामिल हो उसके बारे में रूपरेखा बनाई। बूंदी से एक प्रतिनिधि मंडल इंदौर फोटो फेयर में जाएगा और वहां पर अग्रणीय कैमरे के नए प्रोडक्ट एसेसरीज के बारे में जानकारी लेगा, हम आगे कैसे कार्य करें उसके बारे में पूरी जानकारी लेकर आएंगे और जिन्हें नए कैमरे प्लेस गन लाइट वगैरा लेनी है वह भी वहीं से ली जाएगी। एक ग्रुप बनाकर 20 तारीख को बूंदी के छायाकार रवाना होंगे। बैठक में बूंदी जिलाध्यक्ष मिथिलेश श्रृंगी, जिला सचिव अंचल राठौर, नवीन योगी, गिरिराज शर्मा, त्रिलोक वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

### पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**छबड़ा** (निसं)। राजस्थान पटवार संघ के आव्हान पर गुरूवार को पटवारियों ने अनिश्चितकालीन पेन डाउन हड़ताल शुरू कर दी हैं। उपशाखा अध्यक्ष बृजमोहन मालव ने बताया कि राजस्व कार्मिकों को लेपटॉप एवं प्रिंटर उपलब्ध करवाने, राजस्व सेवा परिशद के लम्बित मांगो के क्रियान्वयन, विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक समय पर आयोजित कर पदोन्नतियां समयबद्ध तरीके से किए जाने, भू-प्रबंध आयुक्त द्वारा जारी पटवारियान की वरिश्टता सूची को निरस्त करने, राजस्थान तहसीलदार सेवा नियम-1956 के नियम 7 एवं अनुसूची एक के बिंदु 2 में संषोधन करने, पटवारियो के अभाव अभियोग के निस्तारण करने, फसल खरीब-2081 की ऑनलाईन की गिरदावरी आदि समस्याओ के निस्तारण के लिए तहसील कार्यालय में अनिश्चिकालीन हडताल षुरू कर दी हैं।

### खो-खो प्रतियोगिता का समापन

**छबड़ा** (निसं)। बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रही 68वीं जिला स्तरीय 17 एवं 19 वर्षीय छात्रा खो-खो प्रतियोगिता का समापन समारोह का सीबीईओ ओमप्रकाश गालव की अध्यक्षता में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महेंद्रसिंह मीना, विशिष्ट अतिथि डॉ. किरन मीना, मनोरमा शर्मा, रमेशचंद नागर, देवेंद्र भार्गव एवं कैलाश नरूका रही। प्रधानाचार्य अषोक यादव ने बताया कि 17 सितम्बर से चल रहीं तीन दिवसीय खो-खो प्रतियोगिता में 29 टीमों में 348 छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें 17 वर्षीय में उच्च माध्यमिक विद्यालय कडैयानोहर एवं 19 वर्षीय में उच्च माध्यमिक विद्यालय दीवाली प्रथम स्थान पर रहीं। यहां बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन धनुषदेव बैरागी एवं कैलाश चंद ने किया।

### मां वाउचर योजना का शुभारंभ

**रावतभाटा,** (निसं)। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिक जाटव ने जानकारी देते हुए बताया कि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मां वाउचर योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना में गर्भवती महिला का 12 सप्ताह के बाद 9 माह में एक बार निःशुल्क सोनोग्राफी का प्रावधान रखा गया हैं। रावतभाटा उपखंड में 2 सोनोग्राफी सेंटर को अधिकृत किया गया है। जिसमें लाहोटी अस्पताल व विमला अस्पताल वाउचर बांटने की प्रक्रिया पूर्णतया ऑनलाइन है, जो की पीसीटीएस के माध्यम से की जाएगी। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाडपुरा को छोड़कर सभी अस्पतालों में प्रसुताओं को सोनोग्राफी के वाउचर प्रदान किए गए। इस वाउचर से 30 दिनों के भीतर गर्भवती महिला राजस्थान में कहीं पर भी सोनोग्राफी करवा सकती हैं।

# 'सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाले प्रकरण 15 दिन से ज्यादा अवधि तक लम्बित न रहें'

**झालावाड़** (निसं)। त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण के लिए सितम्बर माह के तृतीय गुरूवार को जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में मिनी सचिवालय स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी रूम में जिला स्तरीय जनसुनवाई आयोजित की गई।

जनसुनवाई के दौरान मुख्यालय जयपुर से वीसी के माध्यम से जुडे मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सभी जिला कलेक्टर से कहा कि जनसुनवाई में आने वाले प्रकरणों का निस्तारण कम से कम समय में करें। उन्होंने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज होने वाले प्रकरण 15 दिन से ज्यादा अवधि तक लम्बित न रहें। उन्होंने प्रकरणों के निस्तारण के पश्चात् उसकी समीक्षा करने के निर्देश भी दिए ताकि क्वालिटी डिस्पोजल में सुधार हो सके।

जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने परिवादियों की समस्याओं को गहनता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं निश्चित समयावधि में निस्तारण के निर्देश उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई के दौरान भवानीमण्डी क्षेत्र में सार्वजनिक निर्माण विभाग की जमीन पर अतिक्रमण के प्रकरण पर जिला कलक्टर ने संबंधित उपखण्ड अधिकारी व तहसीलदार को तुरन्त अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। वहीं वन क्षेत्र में परिवादी की जमीन पर अवैध कब्जा कर रास्ता रोकने के प्रकरण में उपखण्ड अधिकारी खानपुर व वन विभाग के अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए।



जिला स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने आमजन की समस्याएं सुनी।

मनोहरथाना क्षेत्र में प्रार्थी के गांव में वन विभाग द्वारा प्रार्थी की जमीन पर फसल नष्ट करने के प्रकरण पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को जांच करते हुए प्रकरण का निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं मनोहरथाना के बांसखेडा गांव में चारागाह भूमि से पेड़ काटकर ले जाने की शिकायत पर जिला कलेक्टर ने जांच करते हुए संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश उपखण्ड अधिकारी मनोहरथाना को दिए।

**जनसुनवाई के दौरान प्राप्त हुए 43 प्रकरण:-** जनसुनवाई के दौरान अतिक्रमण हटवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना में मकान नहीं मिलने, सीमा ज्ञान करवाने, पेंशन, रास्ते से अतिक्रमण हटवाने, बैंक द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं देने, विद्युत पोल शिफ्ट करवाने, अनुकम्पा नियुक्ति दिलवाने, नाली निर्माण करवाने, पैमाइश करवाने, डूब क्षेत्र की आराजी का मुआवजा दिलवाने सहित 43 प्रकरणों पर सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आगामी सात दिवसों में नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रकरणों का निस्तारण करवाने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, उपखण्ड अधिकारी अभिषेक चारण, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋतुराज महला सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी


**बून्दी** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की और से विधिक सेवा दिवस, 2024 के अवसर पर विशेष रूप से सक्षम बच्चों के लिए पूर्ण रूप से समर्पित, विधिक जागृति के लिए जिला स्तर पर रालसा स्पोर्टस फॉर अवेरयनेस 'उड़ान' के तहत 20 सितंबर को डिस्ट्रिक क्लब व खेल संकुल में सुबह 11 बजे से खेलकूद की विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की जायेगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सरिता मीणा ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में समूह वर्ग की प्रतियोगिताओं में कबड्डी एवं व्यक्तिगत प्रतिस्पर्धाओं में लंबी कूद, शॉटपुट, बैडमिंटन, कैरम, चेस एवं पेंटिंग, चित्रकला में सभी दिव्यांग प्रतिभागी भाग लेंगे।

जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी संभाग एवं राज्य स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में सम्मिलित हो सकेंगे। इन प्रतियोगिताओं में सभी विशेष विद्यालय, सरकार व गैर सरकारी संस्थानों के 8 वर्ष से 18 वर्ष तक की आयु व मानसिक मंदता में 18 वर्ष से अधिक आयु के विशेष रूप से सक्षम जन को सम्मिलित किया जायेगा।

# नवल सागर के तट पर युवाओं ने श्रमदान किया



शहर की नवल सागर झील पर स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 'स्वच्छता ही सेवा-2024' कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक श्रमदान किया किया गया।

**बूंदी** (निसं)। नेहरू युवा केंद्र,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में शहर की नवल सागर झील पर स्वच्छ भारत मिशन के दस वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में 'स्वच्छता ही सेवा-2024' कार्यक्रम के तहत स्वैच्छिक श्रमदान किया किया गया।

जिला युवा अधिकारी के नेतृत्व में 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत झील के तटों पर स्वच्छता अभियान चलाया जिला युवा अधिकारी कशिश जेठवानी के नेतृत्व में रनिंग क्लब अध्यक्ष शक्ति तोषनीवाल, योग प्रशिक्षक भूपेन्द्र योगी, राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम सहभागी शिखर पंचोली व अन्य युवाओं ने स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत नवल सागर झील के तटों पर जमा कचरे, अपशिष्ट पदार्थों, विसर्जन से हुए पूजा पदार्थों व पानी में जमा गंदगी को एकत्रित कर मुख्य मार्ग पर साफ सफाई की गई। युवाओं ने ऐतिहासिक स्थल पर श्रमदान कर जमा कचरे को इकट्ठा कर निस्तारण किया। कार्यक्रम में विवेक गुर्जर व भीमराज ने युवाओं को हाथ-धोने व सेनेटाइज करने के तरीके बताये गये। अंत में सभी ने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने का संकल्प लिया। नेहरू युवा केन्द्र के बालूलाल वैष्णव, धीरज बचनानी, विशाल गुर्जर, दीपेश सैनी, निखिल प्रजापत आदि ने श्रमदान कर आयोजन में सक्रिय सहभागिता दी।

## हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन

**बूंदी** (निसं)। शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 68वीं जिला स्तरीय चार दिवसीय हैंडबॉल प्रतियोगिता का समापन गुरुवार को विकास नगर बालिका सीनियर स्कूल में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा उपनिदेशक सतीश जोशी थे। जबकि अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक राजेंद्र व्यास ने की। विशिष्ट अतिथि पार्षद शांति सोनी, अभिषेक जैन, हिमांशु जैन, समाजसेवी रेखा झंवर रहे। कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया। प्रधानाचार्य मनीषा जैन ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। शारीरिक शिक्षक जावेद ने प्रतियोगिता का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि 17 और 19 वर्ष आयु छात्रा वर्ग हैंडबॉल प्रतियोगिता में 17 वर्ष में 14 टीमों और 19 वर्ष आयु वर्ग में 9 टीमो ने भाग लिया। 17 वर्ष में राजकीय सीनियर स्कूल गोठडा ने प्रथम, राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल थाना ने द्वितीय और राजकीय सीनियर स्कूल माटुंदा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 19 वर्ष में राजकीय सीनियर स्कूल माटुंदा ने प्रथम, राजकीय सीनियर स्कूल चितावा ने द्वितीय और राजकीय सीनियर स्कूल धोवडा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को मेडल पहनाकर और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### स्वच्छता की शपथ दिलाई

**झालावाड़** (निसं)। 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत गुरुवार को नगरपालिका झालरापाटन द्वारा चौपाटी पर लगे फास्ट फूड के ठेले वालों को स्वच्छता रखने हेतु पाबंद किया गया एवं डस्टबिन का वितरण किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी ठेले वालों को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई गयी।

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाओं का निस्तारण किया

**बूंदी** (निसं)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार के निर्देशानुसार त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन हुआ। इसमें जन सुनवाई कर आमजन की समस्याओं का समाधान कर राहत दी गई। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने जिला कलेक्ट्रेट के सभागार भवन में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की परिवेदनाएं सुनी और संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों को तुरंत समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए।

जन सुनवाई के दौरान जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आमजन की वाजिब समस्या का अधिकारीगण तुरंत समाधान करें। निस्तारण में किसी तरह की ढिलाई नहीं करें। जनसुनवाई में कुल 59 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने नगर परिषद को निर्देश दिए कि शहर में सडकों पर बहने वाले गंदे पानी निकासी की समस्या का समाधान किया जावे। इसके अलावा नगर परिषद क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमणों को तुरंत प्रभाव से हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए साथ ही शहरी क्षेत्र में कचरे की समस्या का शीघ्र निस्तारण किया जाए।



त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत जनसुनवाई का आयोजन हुआ।

उन्होंने कहा कि शहर के नैनवा रोड पर बिजली लोड बढ़ने के कारण नए ट्रांसफार्मर की आवश्यकता होने पर जरूरी कार्यवाही की जावे। साथ ही बिजली बिलों में संशोधन करवाने के परिवादो का प्राथमिकता से निस्तारण करने, सेवानिवृत रोडवेज कर्मचारी के रुके हुए भुगतान को जारी करने, स्वच्छ भारत मिशन के तहत निर्मित शौचालय के लंबित भुगतान जारी करने, सरकारी विद्यालय में सीमा ज्ञान करने, विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने सहित विभिन्न समस्याओं का समाधान किया। इसके अलावा उन्होंने खाद्य सुरक्षा संबंधी प्रकरणों के निस्तारण के लिए जिला रसद अधिकारी को निर्देश दिए। जन सुनवाई के दौरान नीम का खेड़ा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने हुए मकान का पट्टा जारी करवाने, ठीकरादा में सरकारी रास्ते में हो रहे अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव से हटाने, स्कूल से टी सी जारी करवाने, किसान सम्मान निधि की राशि का भुगतान करवाने, विद्युत कनेक्शन, सीमा ज्ञान, राशि स्वीकृत करवाने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राजस्व रेकॉर्ड में नाम शुद्धिकरण, सड़क निर्माण, खेत में जाने का रास्ता दिलवाने, नालियों की साफ सफाई, सीएडी की नेहरो को अतिक्रमण मुक्त करवाने, खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ दिलाने संबंधी समस्याएं आमजन ने जिला कलक्टर को बताई। इनमें कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा अन्य के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसवीर मीणा, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओ पी सामर, एसई जेवीवीएनएल के के शुक्ला, एसई पीएचईडी डी एन व्यास सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं परिवादी मौजूद रहे।

## सरकारी शिक्षक पर छात्राओं ने छेड़खानी का आरोप लगाया

**कोटा,** (निसं)। जिले के रामगंजमंडी उपखंड में सुकेत थाना इलाके के सरकारी स्कूल में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने एक टीचर पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया। इसके बाद ग्रामीण बड़ी संख्या में स्कूल के बाहर एकत्रित हो गए। सभी आरोपी टीचर से मारपीट पर उतारू थे। छात्राएं भी चप्पलों की माला लेकर आरोपी टीचर का विरोध करने पहुंची। टीचर के खिलाफ सुकेत थाने में पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। साथ ही मौका स्थल से ही टीचर वेद प्रकाश को हिरासत में ले लिया है। सुकेत थानाधिकारी रघुवीर सिंह का कहना है कि आरोपी के खिलाफ छात्राओं से छेड़छाड़ के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मुकदमे में उसे जल्द ही गिरफ्तार भी किया जाएगा। टीचर को स्कूल से बाहर लाने और थाने ले जाने में भी पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी क्योंकि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।यहां तक कि छात्राएं भी पुलिस से उलझती रहीं। लोगों की मारपीट से बचाते हुए आरोपी टीचर को थाने लाया गया। इस दौरान काफी हंगामा भी हुआ। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर आरोपी टीचर के खिलाफ जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी के.के. शर्मा का कहना है कि उन्होंने घटनाक्रम की पूरी रिपोर्ट मंगवाई है। रिपोर्ट देखने के बाद आरोपी टीचर पर एक्शन लिया जाएगा।

## सार-समाचार

### उपविजेता टीम का अभिनन्दन किया

**बून्दी** (निसं)। 68 वीं जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र खो-खो प्रतियोगिता में उपविजेता रही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अंथड़ा की टीम का गांव पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा अभिनन्दन किया गया। जिला स्तरीय 17 वर्षीय छात्र खो-खो प्रतियोगिता में टीम के उपविजेता रहने व खिलाडियों का राज्य स्तर पर चयन होने पर गांव व विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रधानाचार्य रमेश लाल मीना ने बताया कि टीम में शामिल 3 खिलाडियों दीपक नागर पुत्र कैलाश चंद नागर ,विनोद सिंह पुत्र जगदीश सिंह, हर्षवर्धन सिंह पुत्र गिरधर सिंह का राज्य स्तर पर चयन हुआ, वहीं 02 खिलाडियों सागर सिंह पुत्र पप्पु सिंह,राज बहादुर सिंह पुत्र पृथ्वीराज सिंह का आरक्षित सूची में अपना स्थान बनाने में सफल हुए। अंथडा सरपंच संतोष धाकड़, सरपंच प्रतिनिधि राम कैलाश नागर, प्रधानाचार्य रमेश लाल मीना, उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार जिंदल व समस्त स्टॉफ सदस्य आशीष दीक्षित, चन्द्र प्रकाश नागर, महेश नागर तथा ग्रामीण बृजमोहन नागर, विक्रम सिंह, सुरेन्द्र सिंह, पवन गोचर, प्रदीप सिंह, हिम्मत सिंह, वीरेंद्र शर्मा, जितेंद्र सेन, सुखराज गोचर द्वारा दल प्रशिक्षक राजकुमार शर्मा, दल प्रभारी राम नरेश गुर्जर और टीम के खिलाडियों का अभिनन्दन किया।

### कार्यशाला का आयोजन

**कोटा,** (निसं)। अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा द्वारा शनिवार 21 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय अल्जाइमर्स दिवस मनाया जा रहा है और साथ ही अल्जाइमर्स नामक दिमागी विकार के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन दोपहर 1.30 से 2.30 बजे तक किया जा रहा है। अल्जाइमर रोग भूलने का रोग है। इस बीमारी के लक्षणों में याददाश्त की कमी होना, निर्णय न ले पाना, बोलने में दिक्कत आना और फिर इसकी वजह से सामाजिक और पारिवारिक समस्याओं की गंभीर स्थिति आदि शामिल हैं। याद करने में दिक्कत-विशेष रूप से हाल ही की जानकारियों को याद करने में समस्या-अल्ज़ाइमर रोग का प्रायः पहला लक्षण है। भारत में अल्ज़ाइमर रोग से पीड़ित लोगों की संख्या 30 लाख है। अल्ज़ाइमर रोग के लक्षण सबसे पहले 60 साल की उम्र के बाद दिखाई दे सकते हैं और अल्ज़ाइमर रोग का जोखिम उम्र बढ़ने के साथ बढ़ता जाता है। इस कार्यशाला में डॉ. नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस द्वारा अल्जाइमर्स विकार, इसके लक्षण, संभावित कारण, इससे जुड़ी भ्रांतियां व तथ्य, निवारण, उपचार के उपाय आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया जाएगा।

### सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर भर्ती कैंप में 111 युवाओं का चयन

**झालावाड़** (निसं)। भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद् नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को सैनिक सुरक्षा जवान और सैनिक सुरक्षा सुपरवाईजर के पदों पर भर्ती हेतु आयोजित भर्ती कैम्प में रा.उ.मा. विद्यालय झालरापाटन में 57 युवाओं ने भाग लिया जिनमें से 25 युवाओं का चयन किया गया। वरिष्ठ भर्ती अधिकारी बृजमोहन कर्णावत और सहायक भर्ती अधिकारी मांगीलाल बैरवा ने बताया कि 15 सितम्बर से अब तक आयोजित कैंप में 111 युवाओं का चयन किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जो युवा अभी तक कैम्पों में शामिल नहीं हो सके हैं वे आगामी दिनो में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खानपुर में 20 सितम्बर को, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मनोहरथाना में 21 सितम्बर को, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सुनेल में 22 सितम्बर को एवं नवीन भवन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालावाड में 23 सितम्बर को भर्ती कैंपों में शामिल हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9680581471 पर संपर्क कर सकते हैं।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**बूंदी** (निसं)। दबलाना थाना क्षेत्र में 23 जनवरी 2024 को हुई नरेन्द्र गुर्जर की हत्या के प्रकरण मे फरार आरोपी खुशीराम उर्फ डाक्टर पुत्र दुर्गा लाल जाति गुर्जर निवासी रेण थाना दबलाना को थाना दबलाना पुलिस द्वारा जिला टोंक से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित था। पुलिस ने बताया कि 23 जनवरी 2023 की रात्रि को नरेन्द्र गुर्जर व जुगराज ग्राम रेण आये थे। नरेन्द्र एक लडकी से मिलने उसके घर पर चला गया। जहां रामराज तथा खुशीराम उर्फ डाक्टर ने नरेन्द्र तथा जुगराज के साथ लाठी डंडों से मारपीट की तथा दोनो को लाकर पानीढाल तिराहे पर पटक दिया। जहां से 108 एम्बुलेंस जिला अस्पताल लेकर गई जहां पर दौराने इलाज नरेंद्र की मृत्यु हो गई। जिस पर थाना दबलाना पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया। प्रकरण में आरोपी रामराज पुत्र दुर्गा लाल निवासी रेण थाना दबलाना को गिरफ्तार किया गया।

### स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली

**बून्दी** (निसं)। स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा में गुरुवार को राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ संदीप यादव के निर्देशन में 'स्वच्छता जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ संदीप यादव ने छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा अभियान की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए कहा की स्वच्छता बनाए रखना और स्वच्छता बनाए रखने के लिए दूसरों को प्रेरित करना ही सबसे बडी सेवा है। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं ने स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के नारे लगाते हुए रामदेव बस्ती में रैली निकाली और आसपास के लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान सभी संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

### सांप का रेस्क्यू किया

**रावतभाटा,** (निसं)। रावतभाटा के जल संसाधन सिंचाई विभाग की आरपीएस कॉलोनी के निवासी नवल लाइनमैन के क्वार्टर के बाहर रात्रि में एक अजीब प्रजाति का ग्रीन सांप नजर आया। जिस पर नवल लाइनमैन ने वन विभाग को सूचना दी, सूचना प्राप्त होने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और सांप का रेस्क्यू किया। वन विभाग के कर्मचारियो ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे द्वारा यह एक दुर्लभ प्रजाति के ग्रीन कील बेक सांप को रेस्क्यू किया गया हैं। यह सांप विषहीन सांप है, मुख्य रूप से इस सांप का प्रमुख भोजन मेंढक, चूहे हैं। यह सांप हरी घास व झाड़ियां में रहता है,और बेहद फुर्तीला होता है।

### सेकंड सेमेस्टर परीक्षाएं आज से

**छबड़ा** (निसं)। अमरचंद राजकुमारी बरडिया जैन महाविद्यालय में कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित बीए प्रथम वर्ष के द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से प्रारंभ होगी। प्राचार्य डॉ. आरसी मीणा के अनुसार बीए प्रथम वर्ष के नियमित एवं स्वयंपाठी छात्र-छात्राओं की द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा 20 सितंबर से शुरू होकर 4 अक्टूबर तक आयोजित होगी। छात्र-छात्राओं के प्रवेश पत्र विश्वविद्यालय कोटा की वेबसाइट पर डाल दिए गए हैं।